मध्य प्रदेश में कुष्ठ रोग उन्मूलन केन्द्र

*143. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में इस समय कुल कितने कुष्ठ रोग उन्मूलन केन्द्र कार्यरत हैं;

(ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा इन केन्द्रों को वर्ष 1993-94 तथा 1994-95 के दौरान कितनी सहायता राशि दी गई;

(ग) क्या उन केन्द्रों में कुष्ठ रोगियों को मुफ्त दवाइयां प्रदान की जा रही हैं;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. सी. सिल्वेरा) : (क) मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 705 कुष्ठ केन्द्र/कुष्ठ उपचार इकाइयां कार्य कर रही हैं ।

(ख) 1993-94 के दौरान, कुष्ठ उन्मूलन कार्य के लिए राज्य सरकार को निम्नलिखित केन्द्रीय सहायता उपलब्ध कराई गई :—

(लाख रुपये में)

वर्ष	उपलब्ध कराई गई सहायता		
	नकद	सामग्री	योग
1993-94	125.00	55.39	180.39
1994-95	117.00	216.40	333.40

इसके अलावा, राज्य के समस्त जिलों में जिला कुष्ठ समितियों को केन्द्रीय सहायता के रूप में 12.39 करोड़ रुपए रिलीज किए गए ।

(ग) जी हां ।

(घ) राज्य को सामग्री के रूप में कुष्ठ रोधक दवाओं की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति की जाती है, जबकि जिला कुष्ठ समितियां अपनी आवश्यकताओं के अनुसार, केन्द्रीय सहायता में से, अन्य पोषण दवाएं खरीदती हैं ।

नहीं उठता ।

Nefarious nexus in flow of funds to J & K

*144. SHRI PRAMOD MAHAJAN:
SHRI VIREN J. SHAH:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a report published in the Indian Express, New Delhi, dated 20th September, 1994 under the caption, "A nefarious nexus in flow of funds to J & K State";